# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना-800001**

फोन- 0612-2231563, Email- bseapatna@gmail.com, वेबसाईट : https://bsea.bihar.gov.in

पत्रांक : नि० प्रा०/नि० 1-24/2023 2069 /पटना, दिनांक 21/11/2024

प्रेषक,

**पुरूषोत्तम पासवान,** भा०प्र०से०
**सचिव।**

सेवा में,

**सभी जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०),**
**सभी उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स०स०),**
**सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी -सह- उप जिला निर्वानचन पदाधिकारी (स०स०),**
**सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०)।**

विषय : **सहकारी समितियों का निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची (प्रपत्र- ई०6) में निर्विरोध निर्वाचित अभ्यर्थियों का नाम अंकित करने के संबंध में।**

**प्रसंग :** प्राधिकार का पत्रांक 2055 दिनांक 19.11.2024.

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि के पश्चात् निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची प्रपत्र- ई06 में तैयार की जाती है। प्रपत्र- ई06 में अंकित नामों के अनुसार मतपत्र का मुद्रण होता है। इस स्थिति में निर्विरोध निर्वाचित होने वाले अभ्यर्थियों का नाम मतपत्र में अंकित करने के संदर्भ में कतिपय जिलों से पृच्छा की जा रही है।

इस संदर्भ में कहना है कि प्रपत्र- ई06 में केवल सविरोध वाले अभ्यर्थियों का नाम देवनागरी लिपि में हिन्दी में वर्णानुक्रम में अंकित किया जाएगा और उसी अनुसार सविरोध वाले अभ्यर्थियों के लिए मतपत्र का मुद्रण कराया जाएगा। प्रपत्र- ई06 के अंत में नीचे टिप्पणी के रूप में निर्विरोध निर्वाचित होने वाले अभ्यर्थियों का नाम पद के अनुसार लिखा जाएगा। पूर्व में दिये गये निर्देश इस हद तक संशोधित समझे जायेंगे।

विश्वासभाजन

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

BSEA.dt 21.11.2024_Rajesh